**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।**

A

**कोड : NJL-1 – 19**

**2019**

**सीरीज़**

# A

**विषय :**

**सामान्य अध्ययन – I**

Question Booklet No.
प्रश्न पुस्तिका संख्या

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 200

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें

अंकों में →

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बॉल-प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
3. **इस परीक्षण पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल-प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें ।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए परीक्षण पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।
6. इस प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित है, द्विभाषी (हिन्दी/अंग्रेजी) में किसी भी अस्पष्टता के मामले में अंग्रेजी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **उत्तर-पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

SEAL

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.***

1. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I (Vegetation Type) | List – II (Region) |
|---|---|
| A. Maquis | 1. California |
| B. Fynbos | 2. Mediterranean Sea Coastal Region |
| C. Chaparral | 3. South Africa |
| D. Matorral | 4. Chile |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

2. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I (Country) | List – II (Capital) |
|---|---|
| A. Uzbekistan | 1. Tashkent |
| B. Tajikistan | 2. Dushanbe |
| C. Kyrgyzstan | 3. Bishkek |
| D. Turkmenistan | 4. Ashgabat |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

3. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I (Natural Vegetation) | List – II (Region) |
|---|---|
| A. Epiphytes | 1. Mediterranean |
| B. Acacia | 2. Equatorial |
| C. Baobab | 3. Sahara |
| D. Cedars | 4. Savanna |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

1. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

| सूची – I (वनस्पति प्रकार) | सूची – II (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. माक्वी | 1. कैलिफोर्निया |
| B. फिंबस | 2. भूमध्यसागर के तटीय क्षेत्र |
| C. चैपरेल | 3. दक्षिणी अफ्रीका |
| D. मैटोरेल | 4. चिली |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

2. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

| सूची – I (देश) | सूची – II (राजधानी) |
|---|---|
| A. उजबेकिस्तान | 1. ताशकंद |
| B. ताजिकिस्तान | 2. दुशान्बे |
| C. किर्गिस्तान | 3. बिश्केक |
| D. तुर्कमेनिस्तान | 4. अश्गाबात |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

3. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

| सूची – I (प्राकृतिक वनस्पति) | सूची – II (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. अधिजीवी वनस्पति | 1. भूमध्यसागरीय |
| B. बबूल | 2. भूमध्यरेखीय |
| C. बैओबाब | 3. सहारा |
| D. देवदार | 4. सवाना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

4. Which of the following is NOT correctly matched ?

| | (Tribe) | (Place) |
|---|---|---|
| (a) | Pygmy | Congo basin |
| (b) | Angami | Nagaland |
| (c) | Ainu | Japan |
| (d) | Khirghiz | Sudan |

5. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : Indian Ocean has become the Military bases of many big powers.

**Reason (R)** : There is strong geo-political benefits in Indian Ocean and adjacent countries.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(c) (A) is true, but (R) is false

(d) (A) is false, but (R) is true

6. Which one of the following is the correct sequence of the hills of Central India located from West to East ?

(a) Maikal, Satpura, Mahadeo and Chhotanagpur

(b) Satpura, Mahadeo, Maikal and Chhotanagpur

(c) Maikal, Mahadeo, Satpura and Chhotanagpur

(d) Satpura, Mahadeo, Chhotanagpur and Maikal

7. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : The highest concentration of Seismic zones lies in Himalayan region in India.

**Reason (R)** : There are many longitudinal thrust zones in Himalayas.

**Codes :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(c) (A) is true, but (R) is false

(d) (A) is false, but (R) is true

4. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | (जनजाति) | (स्थान) |
|---|---|---|
| (a) | पिग्मी | कांगो बेसिन |
| (b) | अंगामी | नागालैण्ड |
| (c) | ऐनु | जापान |
| (d) | किरघिज | सूडान |

5. नीचे दो कथन दिए गये हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A)** : हिन्द महासागर कई बड़ी शक्तियों का सैन्य अड्डा बन गया है ।

**कारण (R)** : हिन्द महासागर से निकटवर्ती देशों को बहुत भौगोलिक-राजनीतिक लाभ हैं ।

नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है

(d) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है

6. मध्य भारत में स्थित पहाड़ियों का पश्चिम से पूर्व निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही क्रम हैं ?

(a) मैकाल, सतपुड़ा, महादेव और छोटानागपुर

(b) सतपुड़ा, महादेव, मैकाल और छोटानागपुर

(c) मैकाल, महादेव, सतपुड़ा और छोटानागपुर

(d) सतपुड़ा, महादेव, छोटानागपुर और मैकाल

7. नीचे दो कथन दिए गये हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A)** : भारत में सर्वाधिक सघनता वाला भूकम्पीय क्षेत्र हिमालय क्षेत्र में स्थित है ।

**कारण (R)** : हिमालय में कई अनुदैर्घ्य उत्क्रम क्षेत्र अवस्थित है ।

**कूट :**

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है

(d) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है

8. 'Imphal Basin' surrounded by Manipur hills is a fine example of
(a) Lacustrine plain (b) Loess plain
(c) Glacial plain (d) Alluvial plain

9. Which of the following rivers is famous for its fault valley drainage ?
(a) Chambal (b) Damodar
(c) Gandak (d) Ramaganga

10. Which one of the following natural regions is known as 'Land of Big Games' ?
(a) Temperate Grassland
(b) Tropical Monsoon Region
(c) Hot Desert Region
(d) Tropical Savanna Region

11. With reference to the Himalayan range, which of the statements is/are correct ?
1. The sedimentary rocks of the greater Himalayas were fossil less.
2. Marine livings fossils are found in the sedimentary rocks of lesser Himalayas.
3. Remains of human civilization are found in outer or Shivalik Himalayas.

Select the correct answer using the codes given below :

**Codes :**
(a) 1 and 2 only (b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only (d) 1, 2 and 3 are correct

12. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**Assertion (A)** : Akbar, like Shershah, tried to regulate the currency of the state.
**Reason (R)** : As in Shershah's currency, the chief copper coin of Akbar's time was the Dam.
Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(c) (A) is true, but (R) is false
(d) (A) is false, but (R) is true

13. Arrange the following battles in chronological order and select the correct answer from the codes given below :
I. Battle of Sarnal
II. Battle of Bilgram
III. Battle of Dharmat
IV. Battle of Jajau
**Codes :**
(a) II, I, III, IV (b) II, III, IV, I
(c) III, II, I, IV (d) III, I, II, IV

8. मणिपुर पहाड़ियों से घिरा 'इंफाल बेसिन' एक सुंदर उदाहरण है
(a) सरोवरीय मैदान का (b) लोयस मैदान का
(c) हिमनदीय मैदान का (d) जलोढ़ मैदान का

9. निम्नलिखित नदियों में से कौन-सा अपने भ्रंश घाटी प्रवाह के लिए प्रसिद्ध है ?
(a) चंबल (b) दामोदर
(c) गंडक (d) रामगंगा

10. निम्नलिखित प्राकृतिक प्रदेश में से किसे 'बड़े शिकारों की भूमि' के नाम से जाना जाता है ?
(a) शीतोष्ण घास का मैदान
(b) उष्णकटिबन्धीय मानसून प्रदेश
(c) उष्ण रेगिस्तान प्रदेश
(d) उष्णकटिबन्धीय सवाना प्रदेश

11. हिमालय पर्वत श्रेणी के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
1. मुख्य हिमालय की परतदार चट्टानें जीवाश्म हीन है ।
2. लघु हिमालय की परतदार चट्टानों में समुद्री जीव-जंतुओं के जीवाश्म मिलते हैं ।
3. बाह्य हिमालय या शिवालिक हिमालय में मानव सभ्यता के अवशेष मिले हैं ।

नीचे दिए हुए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3 सही है

12. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**कथन (A)** : अकबर ने शेरशाह की तरह राज्य के सिक्कों के प्रचलन को नियमित करने का प्रयास किया ।
**कारण (R)** : शेरशाह की मुद्रा पद्धति के समान, अकबर के समय का ताम्र का प्रमुख सिक्का दाम था ।
नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है
(d) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है

13. निम्नलिखित युद्धों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :
I. सर्नाल का युद्ध
II. बिलग्राम का युद्ध
III. धरमत का युद्ध
IV. जजाऊ का युद्ध
**कूट :**
(a) II, I, III, IV (b) II, III, IV, I
(c) III, II, I, IV (d) III, I, II, IV

14. With reference to Hath Yog, which of the following statement is/are correct ?
   1. Hath Yog was practiced by Nathpanthis.
   2. Hath Yog technique was also adopted by the Sufis.

   Select the correct answer using the codes given below :

   **Codes :**
   (a) 1 only
   (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2
   (d) Neither 1 nor 2

15. Which one of the following is NOT the characteristics of 'Iqta System' ?
   (a) Iqta was a revenue collection system
   (b) Siyasatnama was the source of information for Iqta System
   (c) Revenue from Iqta was directly deposited in Sultan's account
   (d) Muqti was supported to maintain troops out of the revenue collected from Iqta

16. Which of the following is NOT correctly matched ?

| | (Books) | (Writers) |
|---|---|---|
| (a) | Tabaqat-i-Nasiri | Minhaj-us-Siraj-Juzjani |
| (b) | Tarikh-i-Firozshahi | Shams-i-Siraj-Afif |
| (c) | Tughlaqnama | Ibn Battuta |
| (d) | Humayunnama | Gulbadan Begam |

17. In which year was the 'Native Marriage Act' passed ?
   (a) 1870 (b) 1872
   (c) 1874 (d) 1876

18. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I (Movement) | List – II (Year) |
|---|---|
| A. Pabna | 1. 1855-56 |
| B. Eka | 2. 1873-85 |
| C. Santhal | 3. 1922 |
| D. Tana Bhagat | 4. 1914 |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

14. हठ योग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
   1. हठ योग नाथपंथियों द्वारा अपनाया जाता था ।
   2. हठ योग क्रिया को सूफी संतो ने भी अपनाया था ।

   नीचे दिए हुए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

   **कूट :**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशिष्टता 'इक्ता व्यवस्था' की **नहीं** है ?
   (a) इक्ता एक राजस्व एकत्रित करने की व्यवस्था थी
   (b) सियासतनामा इक्ता व्यवस्था की जानकारी का स्रोत था
   (c) इक्ता से एकत्रित राजस्व सीधा सुल्तान के खाते में जाती थी
   (d) मुक्ती को इक्ता से एकत्रित राजस्व से सैनिक रखने पड़ते थे

16. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | (पुस्तकें) | (लेखक) |
|---|---|---|
| (a) | तबकात-ए-नासिरी | मिनहाज-उस-सिराज -जसजानी |
| (b) | तारीख-ए-फिरोजशाही | शम्स-ए-सिराज-अफीफ |
| (c) | तुगलकनामा | इब्न बतूता |
| (d) | हुमायूँनामा | गुलबदन बेगम |

17. 'नेटिव मैरिज एक्ट' किस वर्ष पारित किया गया था ?
   (a) 1870 (b) 1872
   (c) 1874 (d) 1876

18. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (आंदोलन) | सूची – II (वर्ष) |
|---|---|
| A. पाबना | 1. 1855-56 |
| B. एका | 2. 1873-85 |
| C. संथाल | 3. 1922 |
| D. ताना भगत | 4. 1914 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

19. Which of the following is NOT correctly matched ?

| (Event) | (Year) |
|---|---|
| (a) Indian Navy Act | 1927 |
| (b) Civil Disobedience Movement | 1930 |
| (c) Second Round Table Conference | 1931 |
| (d) The Communal Award | 1933 |

20. Arrange the following events in a chronological order and select the correct answer from the codes given below :

I. Appointment of Simon Commission
II. Jallianwala Bagh Massacre
III. Mahatma Gandhi's Dandi March
IV. Death of Ferozshah Mehta

**Codes :**

(a) IV, II, I, III
(b) I, II, IV, III
(c) II, III, IV, I
(d) IV, III, II, I

21. The trial of the Officers of the I.N.A. was held in

(a) Red Fort, Delhi (b) Gwalior Fort
(c) Amer Fort, Jaipur (d) Agra Fort

22. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A) :** The Asiatic Society of Bengal was established in the period of Warren Hastings and he modestly declined the offer of Presidentship of that learned body in favour of Sir William Jones.

**Reason (R) :** Warren Hastings was himself a great scholar and an ardent orientalist who used to encourage the study of Sanskrit, Persian and Arabic.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(c) (A) is true, but (R) is false
(d) (A) is false, but (R) is true

19. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| (घटना) | (वर्ष) |
|---|---|
| (a) भारतीय जलसेना अधिनियम | 1927 |
| (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन | 1930 |
| (c) द्वितीय गोलमेज अधिवेशन | 1931 |
| (d) सांप्रदायिक निर्णय | 1933 |

20. निम्न घटनाओं को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

I. साइमन आयोग की नियुक्ति
II. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
III. महात्मा गांधी की डाण्डी यात्रा
IV. फिरोजशाह मेहता की मृत्यु

**कूट :**

(a) IV, II, I, III
(b) I, II, IV, III
(c) II, III, IV, I
(d) IV, III, II, I

21. आई.एन.ए. के अधिकारियों पर मुकदमा चलाया गया था

(a) लाल किला, दिल्ली में (b) ग्वालियर फोर्ट में
(c) आमेर फोर्ट, जयपुर में (d) आगरा फोर्ट में

22. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A) :** बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना वारेन हेस्टिंग्स के काल में हुई थी और उसने सर विलियम जोन्स के पक्ष में उक्त विद्वत संस्था की अध्यक्षता का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया था ।

**कारण (R) :** वारेन हेस्टिंग्स स्वयं एक उद्भट विद्वान तथा प्राच्य विद्या का प्रखर समर्थक था जो संस्कृत, फारसी व अरबी के अध्ययन को प्रोत्साहित करता था ।

नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) कथन (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है

23. With reference to the National Calendar, which of the statements is/are correct ?
1. The National Calendar of India is based on Vikram Era.
2. The National Calendar is adopted from January 26, 1950.

Select the correct answer using the codes given below :

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

24. In which year was accounting separated from auditing and Comptroller and Auditor General's task only remained confined to auditing the Government Accounts ?

(a) 1975 (b) 1977
(c) 1976 (d) 1981

25. Who opposed Planned Development in India ?

(a) Mahatma Gandhi (b) Jawaharlal Nehru
(c) Indira Gandhi (d) Rajiv Gandhi

26. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : Article 30 of the Constitution of India does not define the term 'minorities'.

**Reason (R)** : The Constitution recognises only linguistic and religious minorities.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes** :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(c) (A) is true, but (R) is false
(d) (A) is false, but (R) is true

27. With reference to the federal system in India, which of the statements is/are correct ?
1. States have no right to secede from the Union under the Constitution of India.
2. Just advocacy of secession will have the protection of freedom of expression.

Select the correct answer from the codes given below :

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

28. Which of the following is NOT correctly matched ?

(a) Public Health and Sanitation — State List
(b) Census — Union List
(c) Allocation of seats in the Council of States — Second Schedule
(d) Anti-Defection — Tenth Schedule

23. राष्ट्रीय पंचांग के संबंध में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
1. भारतीय राष्ट्रीय पंचांग विक्रम संवत् पर आधारित है ।
2. राष्ट्रीय पंचांग को जनवरी 26, 1950 से अपनाया गया है ।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

24. किस वर्ष में एकाउंटिंग को ऑडिटिंग (लेखा परीक्षा) से अलग किया गया तथा नियंत्रक एवं महालेख परीक्षक का कार्य केवल सरकारी लेखा तक सीमित रह गया ?

(a) 1975 (b) 1977
(c) 1976 (d) 1981

25. भारत में नियोजित विकास का विरोध किसने किया ?

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) इंदिरा गांधी (d) राजीव गांधी

26. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A)** : भारतीय संविधान का अनुच्छेद 30 'अल्पसंख्यक वर्ग' शब्द को परिभाषित नहीं करता है ।

**कारण (R)** : संविधान केवल भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग को मान्यता प्रदान करता है ।

नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट** :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) कथन (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है

27. भारतीय संघात्मक व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
1. भारतीय संविधान के अंतर्गत राज्यों को संघ से अलग होने का अधिकार नहीं है ।
2. अलग होने की मात्र वकालत करने पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सुरक्षा मिलेगी ।

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता — राज्य सूची
(b) जनगणना — संघ सूची
(c) राज्य सभा में सीटों का बंटवारा — द्वितीय अनुसूची
(d) दलबदल विरोध — दसवीं अनुसूची

29. How many items are there in the $11^{th}$ Schedule of the Constitution of India ?
(a) 22 (b) 24
(c) 29 (d) 32

30. With reference to Prime Minister's Office (PMO) which one of the statements is/are correct ?
1. It came into existence in 1977.
2. It is headed by the Cabinet Secretary.
Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(a) Only 2 (b) Both 1 and 2
(c) Only 1 (d) Neither 1 nor 2

31. The provisions of the sixth Schedule of Indian Constitution are applicable in which of the following states ?
(a) Tripura (b) Sikkim
(c) Nagaland (d) All of the above

32. Which of the following is NOT correctly matched ?
(a) Habeas corpus 'To have the body of'
(b) Mandamus 'We command'
(c) Prohibition 'To be certified'
(d) Quo-warranto 'By what authority'

33. The Money Bill is defined in which Article of the Constitution of India ?
(a) Article 109 (b) Article 110
(c) Article 111 (d) Article 112

34. Cross border oil pipeline inaugurated by P.M. Modi in September 2019 connects which of the following cities ?
(a) Motihari and Amlekhganj
(b) Darbhanga and Amlekhganj
(c) Motihari and Kathmandu
(d) None of these

35. Jaipur was listed as 'World Heritage Site' by the UNESCO 'World Heritage Committee' in its $43^{rd}$ Session held in the city
(a) Baku (Azerbaizan) (b) Bishkek (Kyrgyzstan)
(c) Istanbul (Turkey) (d) Marakesh (Morocco)

29. भारत के संविधान की 11 वीं अनुसूची में कितने विषय हैं ?
(a) 22 (b) 24
(c) 29 (d) 32

30. प्रधानमंत्री कार्यालय (पी.एम.ओ.) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है/हैं ?
1. यह 1977 में अस्तित्व में आया ।
2. इसका प्रधान कैबिनेट सचिव होता है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) केवल 2 (b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 1 (d) न तो 1 और न ही 2

31. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधान निम्नलिखित में से किस राज्य में लागू होते हैं ?
(a) त्रिपुरा (b) सिक्किम
(c) नागालैण्ड (d) उपरोक्त सभी

32. निम्नांकित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?
(a) बंदी प्रत्यक्षीकरण 'टू हैव दि बॉडी ऑफ'
(b) परमादेश 'वी कमाण्ड'
(c) प्रतिषेध 'टू बी सरटिफाइड'
(d) अधिकार पृच्छा 'बाई व्हाट ऑथॉरिटि'

33. धन विधेयक भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में परिभाषित किया गया है ?
(a) अनुच्छेद 109 (b) अनुच्छेद 110
(c) अनुच्छेद 111 (d) अनुच्छेद 112

34. सितम्बर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटित सीमा-पार तेल पाइपलाइन निम्नलिखित में से किन दो शहरों को जोड़ती है ?
(a) मोतीहारी तथा आमलेखगंज
(b) दरभंगा तथा आमलेखगंज
(c) मोतीहारी तथा काठमांडू
(d) इनमें से कोई नहीं

35. यूनेस्को 'विश्व धरोहर समिति' द्वारा इसके किस शहर में संपन्न हुए 43 वें सत्र में जयपुर को 'विश्व धरोहर स्थल' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है ?
(a) बाकू (अजरबैजान) (b) बिश्केक (किर्गिस्तान)
(c) इस्तांबुल (तुर्की) (d) मारकेश (मोरक्को)

36. The newly appointed Managing Director of I.M.F. is

(a) Kristalina Georgieva (b) Christine Lagarde

(c) Raghuram Rajan (d) Surjit Bhalla

37. The National Programme launched on October 10, 2019 by the Indian Government to encourage talented children to enrich their skills is

(a) LAKSHYA (b) PRATIBHA

(c) DHRUV (d) PARIVARTAN

38. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| A. Thomas Cook | 1. Recipient of Bharat-Bharati Award |
| B. Greta Thunberg | 2. Hong Kong Leader |
| C. Dr. Usha Kiran | 3. Environmental Activist |
| D. Carrie Lam | 4. British Tour and Travel Company |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

39. The 2019 Nobel Prize for Economics was given to a woman for the second time, name the first woman who was earlier awarded this prize.

(a) Esther Duflo (b) Gerty Theresa Cori

(c) Maria Goeppert (d) Elinar Ostrom

40. Rural Sanitation Strategy launched by Ministry of Jal Shakti in September 2019 relates to which of the following periods ?

(a) 2019-2035 (b) 2019-2029

(c) 2019-2022 (d) 2019-2024

41. Central Institute of Indian Languages is located at which of the following places ?

(a) Varanasi (b) Mysore

(c) New Delhi (d) Shimla

42. India aims to achieve land degradation neutrality by the year

(a) 2025 (b) 2030

(c) 2035 (d) 2040

36. आई.एम.एफ. के नव नियुक्त प्रबंध निदेशक हैं

(a) क्रिस्टालिना जॉर्जीवा (b) क्रिस्टीन लैगार्ड

(c) रघुराम राजन (d) सुरजीत भल्ला

37. भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 10, 2019 को प्रतिभाशाली बच्चों के कौशल समृद्धि के प्रोत्साहन हेतु प्रारंभ किया गया राष्ट्रीय कार्यक्रम है

(a) लक्ष्य (b) प्रतिभा

(c) ध्रुव (d) परिवर्तन

38. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. थॉमस कुक | 1. भारत-भारती सम्मान के विजेता |
| B. ग्रेटा थनबर्ग | 2. हांग कांग के नेता |
| C. डॉ. उषा किरन | 3. पर्यावरण कार्यकर्ता |
| D. कैरी लैम | 4. ब्रिटिश टूर एवं ट्रेवेल कंपनी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

39. वर्ष 2019 अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार दूसरी बार किसी महिला को दिया गया । इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाली प्रथम महिला कौन थी ?

(a) ईस्थर डफलो (b) गेर्टी थेरेसा कोरी

(c) मारिया जोपर्ट (d) एलिनार ओस्ट्रॉम

40. सितंबर 2019 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गयी ग्रामीण स्वच्छता रणनीति निम्न में से किस अवधि से संबंधित है ?

(a) 2019-2035 (b) 2019-2029

(c) 2019-2022 (d) 2019-2024

41. भारतीय भाषाओं का केन्द्रीय संस्थान निम्नलिखित में से किस स्थान पर अवस्थित है ?

(a) वाराणसी (b) मैसूर

(c) नई दिल्ली (d) शिमला

42. भारत द्वारा भूमि क्षरण तटस्थता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है

(a) 2025 तक (b) 2030 तक

(c) 2035 तक (d) 2040 तक

43. Which Geosynchronous Satellite Launch Vehicle was used by ISRO to launch Chandrayaan-2 space craft ?
(a) GSLV – MK III – M1
(b) GSLV – MK II – M2
(c) GSLV – MK IV – M8
(d) GSLV – MK V – M4

44. Which of the following statements about India's largest Charkha is/are true ?
1. It was inaugurated in Noida.
2. It is made of used plastic waste.
Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(a) Only 1 (b) Only 2
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

45. Which of the following organisms has white blood ?
(a) Lizard (b) Cockroach
(c) House bug (d) Mosquito

46. Nitrogen fixing bacteria make combination with cells of the roots of
(a) Pulses (b) Rice
(c) Wheat (d) Sugarcane

47. What happens when some charge is placed on a soap bubble ?
(a) Its radius increases
(b) Its radius decreases
(c) The bubble collapses
(d) None of the above

48. Which of the following pairs is NOT correctly matched ?
(a) Oxytocin Hormone
(b) Aspartame Synthetic sweetner
(c) Neoprene Specialized rubber
(d) Rayon Modified starch

49. Which of the following substances is NOT a protein ?
(a) Cotton
(b) Hair
(c) Spider silk
(d) Hoof

43. चंद्रयान-2 अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित करने के लिए इसरो द्वारा किस जियोसिंक्रोनस उपग्रह प्रक्षेपण यान का प्रयोग किया गया था ?
(a) GSLV – MK III – M1
(b) GSLV – MK II – M2
(c) GSLV – MK IV – M8
(d) GSLV – MK V – M4

44. भारत के सबसे बड़े चरखे के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
1. इसका उद्घाटन नोएडा में हुआ ।
2. यह उपयोग किए हुए प्लास्टिक कचरे से बना है ।
नीचे दिए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित में से किस जीव का रक्त सफेद होता है ?
(a) छिपकली (b) तिलचट्टा
(c) घरेलू खटमल (d) मच्छर

46. नाइट्रोजन स्थिरीकरण जीवाणु किस पौधे की जड़ के साथ संयोजन करते हैं ?
(a) दालें (b) चावल
(c) गेहूँ (d) गन्ना

47. जब किसी साबुन के बुलबुले को आवेशित किया जाता है, तो निम्न में से क्या घटित होता है ?
(a) त्रिज्या बढ़ जाती है
(b) त्रिज्या घट जाती है
(c) बुलबुले का लोप हो जाता है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. निम्नांकित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?
(a) ऑक्सीटोसीन हॉर्मोन
(b) एस्पार्टेम संश्लेषित मधुरक
(c) निओप्रीन विशिष्ट रबड़
(d) रेयॉन रूपांतरित स्टार्च

49. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ प्रोटीन **नहीं** है ?
(a) कपास
(b) केश/बाल
(c) लूता रेशम (स्पाइडर सिल्क)
(d) खुर

50. A liquid remains hot or cold for a long time in thermos flask because there is no loss or gain of heat by
(a) Conduction
(b) Convection and radiation
(c) Both (a) and (b)
(d) None of the above

51. Which of the following glands in human body acts both as a endocrine gland as well as an exocrine gland ?
(a) Adrenal gland (b) Lacrimal gland
(c) Pancreas (d) Thyroid

52. Which one of the following materials contains calcium ?
(a) China clay (b) Corundum
(c) Gypsum (d) Talc

53. Which one of the following is NOT correctly matched ?

| | **(Substance)** | **(Use)** |
|---|---|---|
| (a) | Silver bromide | artificial photosynthesis |
| (b) | Silver iodide | artificial rain |
| (c) | Lithium bicarbonate | treatment of rheumatism |
| (d) | Milk of magnesia | antacid |

54. Tulsi plant has medicinal values due to the presence of the following
(a) Inorganic Acid
(b) Organic Acid
(c) Phenols and Flavonoids
(d) None of the above

55. What is true about ecosystem ?
(a) Primary consumers are least dependent upon producer
(b) Primary consumers are out-number producers
(c) Producers are more than primary consumers
(d) Secondary consumers are the largest and most powerful

56. With reference to Eutrophication, which of the following statements is/are correct ?
1. It is a phenomenon of nutrient enrichment of a water body.
2. It depletes dissolved oxygen of the water.
Select the correct answer using the codes given below :
**Codes :**
(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

50. थर्मस फ्लास्क में लम्बे समय तक तरल गर्म या ठंडा रहता है क्योंकि ऊष्मा की कोई हानि अथवा प्राप्ति नहीं होती है
(a) संचालन
(b) संवहन एवं विकिरण
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

51. मानव शरीर में निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि अन्त:स्रावी एवं बहि:स्रावी दोनों ही प्रकार की ग्रंथि है ?
(a) ऐड्रिनल ग्रंथि (b) अश्रुग्रंथि
(c) अग्नाशय (d) थाइरॉइड

52. निम्नलिखित में से किस पदार्थ में कैल्शियम विद्यमान है ?
(a) चीनी मिट्टी (b) कोरंडम
(c) जिप्सम (d) टैल्क

53. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | **(पदार्थ)** | **(उपयोग)** |
|---|---|---|
| (a) | सिल्वर ब्रोमाइड | कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण |
| (b) | सिल्वर आयोडाइड | कृत्रिम वर्षा |
| (c) | लीथियम बाइकार्बोनेट | गठिया का उपचार |
| (d) | दूधिया मैग्नीशिया | प्रति-अम्ल |

54. तुलसी के पौधे का औषधीय महत्त्व निम्नांकित की उपस्थिति के कारण है
(a) अकार्बनिक अम्ल
(b) कार्बनिक अम्ल
(c) फीनॉल एवं फ्लेवोनाइड
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

55. इकोसिस्टम के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सत्य है ?
(a) प्राथमिक उपभोक्ता उत्पादक पर न्यूनतम रूप से आश्रित हैं
(b) प्राथमिक उपभोक्ता उत्पादकों से संख्या में अधिक होते हैं
(c) उत्पादक, प्राथमिक उपभोक्ता से अधिक हैं
(d) द्वितीयक उपभोक्ता अधिकतम होने के साथ-साथ बहुत ही शक्तिशाली हैं

56. सुपोषण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
1. यह जल निकाय के पोषक तत्व संवर्धन की घटना है।
2. यह जल में घुलित ऑक्सीजन को कम करता है।
नीचे दिए हुए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

57. The environment modified by human activities is called
(a) Natural environment
(b) Anthropogenic environment
(c) Urban environment
(d) Modern environment

58. Which of the following statement is NOT true ?
(a) Species diversity increases from equator towards poles.
(b) Tropics harbour more species than temperate areas.
(c) Greatest biodiversity occurs in Amazonean rain forest.
(d) Species diversity decreases from temperate areas towards poles.

59. Which one of the following is the well known example of bioindicator of air pollution ?
(a) Lichens (b) Methyl mercury
(c) Rose plant (d) Sunflower

60. Which of the following is NOT correctly matched ?

| | |
|---|---|
| (a) Desalination | Sea water |
| (b) Reverse osmosis | Potable water |
| (c) Denaturation | Proteins |
| (d) Pasteurisation | Tea |

61. Which of the following is an example of herbicide ?
(a) Sodium chlorate
(b) Potassium permanganate
(c) Bleaching powder
(d) None of the above

62. The gas, which is emitted in the paddy fields and increases the earth's temperature is
(a) Nitrogen (b) Carbon dioxide
(c) Carbon monoxide (d) Methane

63. At which of the following places is the Secretariat of the International Solar Alliance (I.S.A.) located at present ?
(a) Paris (b) New Delhi
(c) Gurugram (d) New York

57. मानव गतिविधियों से परिवर्तित पर्यावरण कहलाता है
(a) नैसर्गिक पर्यावरण
(b) एन्थ्रोपोजेनिक पर्यावरण
(c) शहरी पर्यावरण
(d) आधुनिक पर्यावरण

58. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सत्य **नहीं** है ?
(a) भूमध्यरेखा से ध्रुवों की ओर जाति विविधता में वृद्धि होती है ।
(b) उष्णकटिबंध, शीतोष्ण क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक जातियों को आश्रय देते हैं ।
(c) विशालतम जैवविविधता अमेजनी वर्षा वनों में पायी जाती हैं ।
(d) जातिविविधता शीतोष्ण क्षेत्रों से ध्रुवों की ओर घटती जाती है ।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा वायुप्रदूषण के जैविक सूचक का प्रसिद्ध उदाहरण है ?
(a) लाइकेन्स (b) मेथिल मरक्युरि
(c) गुलाब का पौधा (d) सूरजमुखी का पुष्प

60. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | |
|---|---|
| (a) अलवणीकरण | समुद्रीजल |
| (b) प्रतिलोम परासरण | पेयजल |
| (c) विकृतीकरण | प्रोटीन |
| (d) पास्तुरीकरण | चाय |

61. निम्नलिखित में से कौन-सा एक शाकनाशक का उदाहरण है ?
(a) सोडियम क्लोरेट
(b) पोटैशियम परमैंगनेट
(c) ब्लीचिंग पाउडर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

62. गैस, जो धान के खेत से उत्सर्जित होती है तथा भूमि के तापमान में वृद्धि करती है, वह है
(a) नाइट्रोजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) कार्बन मोनोऑक्साइड (d) मिथेन

63. अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन (आइ.एस.ए.) का सचिवालय वर्तमान में निम्नलिखित किस स्थान पर स्थित है ?
(a) पेरिस (b) नई दिल्ली
(c) गुरुग्राम (d) न्यूयॉर्क

64. The First Union Territory of India to run 100 percent on solar energy is

(a) Andaman-Nicobar (b) Chandigarh

(c) Diu (d) Puducherry

65. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A) :** There is a positive relation between Human Development Index (HDI) and Sustainable Development Goals (SDG) ranking of Indian State.

**Reason (R) :** The underlying dimension of SDG targets are closely related to education and health aspect.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)

(c) (A) is true, but (R) is false

(d) (A) is false, but (R) is true

66. Multidimensional poverty index includes :

i. Health

ii. Education

iii. Living Standard

Select correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(a) Only i is correct (b) Only ii and iii are correct

(c) Only i and ii are correct (d) i, ii and iii are correct

67. Arrange the following events in chronological order of their commencement and select correct answer from the codes given below :

I. Wild Life (Protection) Act

II. Biological Diversity Act

III. Project Tiger

IV. Project Elephant

**Codes :**

(a) I, II, III, IV (b) I, III, IV, II

(c) II, III, IV, I (d) II, III, I, IV

64. सौ प्रतिशत सौर ऊर्जा पर चलनेवाला भारतवर्ष का पहला केन्द्र शासित प्रदेश है

(a) अण्डमान-निकोबार (b) चंडीगढ़

(c) दीव (d) पुडुचेरी

65. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A) :** मानव विकास सूचकांक (एच डी आई) एवं सतत् विकास लक्ष्यों (एस डी जी) पर आधारित भारतीय राज्यों की वरीयता में धनात्मक संबंध हैं ।

**कारण (R) :** एस डी जी लक्ष्यों के आधारभूत आयाम शिक्षा एवं स्वास्थ्य से घनिष्ठता के साथ अंतर्संबंधित है ।

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परंतु (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है

(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है

66. बहुआयामी निर्धनता सूचकांक में सम्मिलित होता है :

i. स्वास्थ्य

ii. शिक्षा

iii. जीवन-स्तर

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल i सही है (b) केवल ii और iii सही हैं

(c) केवल i और ii सही हैं (d) i, ii और iii सही हैं

67. निम्नलिखित घटनाओं को उनके प्रारंभ के कालानुक्रम में व्यवस्थित करें और नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

I. वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम

II. जैव विविधता अधिनियम

III. प्रोजेक्ट टाइगर

IV. प्रोजेक्ट हाथी

**कूट :**

(a) I, II, III, IV (b) I, III, IV, II

(c) II, III, IV, I (d) II, III, I, IV

68. Under the Civil Registration System (CRS), it is legally mandatory to register birth and death events within how many days in India ?

(a) 15 days (b) 21 days

(c) 26 days (d) 30 days

69. National Family Health Survey (NFHS) – 5 does not include

(a) High blood-pressure

(b) Diabetes

(c) HIV Test

(d) Registration of death

70. The Environmental Kuznets Curve (EKC) shows the relationship between per capita GDP and environmental loss. What is the shape of Environmental Kuznets Curve ?

(a) Inverted 'U' shaped (b) Inverted 'V' shaped

(c) Inverted 'L' shaped (d) None of these

71. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : Sustainable development is important for well being of human society.

**Reason (R)** : Sustainable development is a kind of development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes** :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)

(c) (A) is true, but (R) is false

(d) (A) is false, but (R) is true

72. Which of the following Direct Benefit Scheme (DBS) has been recognized by the 'Guinness Book of World Record' as the world's largest Direct Benefit Scheme ?

(a) MGNREGA

(b) PAHAL

(c) NSAP

(d) None of the above

68. नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS) के अंतर्गत कितने दिनों के भीतर जन्म तथा मृत्यु की घटना को भारत में रजिस्ट्रेशन कराना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है ?

(a) 15 दिन (b) 21 दिन

(c) 26 दिन (d) 30 दिन

69. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) – 5 सम्मिलित नहीं करता है

(a) उच्च रक्त–चाप

(b) मधुमेह

(c) एच. आई. वी. परीक्षण

(d) मृत्यु का पंजीकरण

70. पर्यावरणीय कुजनेट्स वक्र पर्यावरणीय क्षति एवं प्रति व्यक्ति जी डी पी के मध्य संबंध दर्शाता है। इस पर्यावरणीय कुजनेट्स वक्र का आकार किस प्रकार का होता है ?

(a) उल्टा 'यू' आकार (b) उल्टा 'वी' आकार

(c) उल्टा 'एल' आकार (d) इनमें से कोई नहीं

71. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

**कथन (A)** : सतत् विकास मानव समाज के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण है।

**कारण (R)** : सतत् विकास से अभिप्राय ऐसे विकास से है, जो भावी पीढ़ियों की जरूरतें पूरी करने की योग्यता को प्रभावित किये बिना वर्तमान समय की आवश्यकता पूरी करें।

नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट** :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परंतु (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

72. निम्नलिखित में से किस प्रत्यक्ष लाभ योजना को 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' द्वारा विश्व की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ योजना माना गया है ?

(a) मनरेगा (MGNREGA)

(b) पहल (PAHAL)

(c) एन. एस. ए.पी. (NSAP)

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. With reference to the National Food Security Act, which of the following statements is/are correct ?

I. It will cover upto 75 percent rural and 50 percent urban population.

II. Special focus on nutritional support to women and children.

III. Eldest woman of above 18 years age will be head of household.

Select the correct answer using the codes given below :

(a) I and II are correct (b) II and III are correct

(c) I, II and III are correct (d) None of these

74. With reference to the measures of Tenancy Reform in India, which of the statements is/are correct ?

1. Regulation of rent
2. Security of tenure
3. Confirment of ownership on tenants

Select the correct answer using codes given below :

(a) 1 only (b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

75. With reference to the functions of Public Sector in India, which of the following statements is/are correct ?

I. To provide public utility resources

II. To build social and economic overhead capital

III. To ensure balanced regional and sectoral growth

IV. To pursue egalitarian goals

Select the correct answer using the codes given below :

(a) I, II and III are correct

(b) II, III and IV are correct

(c) I, II, III and IV are correct

(d) I, III and IV are correct

76. In the Suez canal region, the correct order of lakes lying from North to South direction is

(a) Lake Timsah – Little Bitter Lake – Great Bitter Lake – Lake Manzala

(b) Great Bitter Lake – Little Bitter Lake – Lake Timsah – Lake Manzala

(c) Lake Manzala – Great Bitter Lake – Little Bitter Lake – Lake Timsah

(d) Lake Manzala – Lake Timsah – Great Bitter Lake – Little Bitter Lake

73. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन सही है/हैं ?

I. यह 75 प्रतिशत ग्रामीण और 50 प्रतिशत शहरी जनसंख्या को आच्छादित करेगी।

II. महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी सहायता पर विशेष ध्यान देना।

III. 18 वर्ष आयु से अधिक की सबसे बड़ी महिला परिवार की मुखिया होगी।

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) I और II सही हैं (b) II और III सही हैं

(c) I, II और III सही हैं (d) इनमें से कोई नहीं

74. भारत में पट्टेदारी सुधार के उपायों के संदर्भ में, कौन-सा कथन सही है/हैं ?

1. लगान का विनियमन
2. अवधि की सुरक्षा
3. पट्टेदारी पर स्वामित्व की घोषणा

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

75. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?

I. सार्वजनिक उपयोगिता संसाधन प्रदान करना

II. सामाजिक और आर्थिक उपरि पूँजी का निर्माण

III. संतुलित क्षेत्रीय और क्षेत्रकीय विकास सुनिश्चित करना

IV. समतावादी लक्ष्यों को आगे बढ़ाना

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) I, II और III सही हैं

(b) II, III और IV सही हैं

(c) I, II, III और IV सही हैं

(d) I, III और IV सही हैं

76. स्वेज नहर क्षेत्र में उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर पड़ने वाले झीलों का सही क्रम है

(a) लेक टिम्सा – लिटिल बिटर लेक – ग्रेट बिटर लेक – लेक मंजला

(b) ग्रेट बिटर लेक – लिटिल बिटर लेक – लेक टिम्सा – लेक मंजला

(c) लेक मंजला – ग्रेट बिटर लेक – लिटिल बिटर लेक – लेक टिम्सा

(d) लेक मंजला – लेक टिम्सा – ग्रेट बिटर लेक – लिटिल बिटर लेक

77. Telegraphic Plateau is a part of
(a) North Atlantic Ridge
(b) South Atlantic Ridge
(c) Indian Ocean Ridge
(d) None of these

78. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I (Different name of tropical cyclone) | List – II (Country) |
|---|---|
| A. Willy-Willies | 1. Philippines |
| B. Taifu | 2. Australia |
| C. Baguio | 3. Japan |
| D. Hurricanes | 4. U.S.A. |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
